# 5 जी नेटवर्क के लिये पॉलिसी बनाने वाला देश का पहला राज्य बनेगा उत्तराखंड

## चर्चा में क्यों?

30 अगस्त, 2022 को सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) के निदेशक अमित सिन्हा ने बताया कि 5जी नेटवर्क को उत्तराखंड में सुगमता से लाने के लिये राइट ऑफ वे पॉलिसी में संशोधन के साथ ही सरकार, केंद्र सरकार की गाइडलाइंस को एडॉप्ट करेगी।

## प्रमुख बिंदु

- प्रदेश में 5जी नेटवर्क के लिये पॉलिसी बनाने के लिये राइट ऑफ वे पॉलिसी 2018 में संशोधन की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रदेश में 5जी नेटवर्क के लिये पॉलिसी बनाने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा।
- गौरतलब है कि प्रदेश में 2018 में नेटवर्क कनेक्टिविटी की राह आसान बनाने, मोबाइल टावर लगाने से लेकर दूरसंचार से जुड़ी गतिविधियों के लिये राइट ऑफ वे पॉलिसी 2018 लागू की गई थी।
- इस पॉलिसी में संशोधन होने के बाद प्रदेश में 5जी नेटवर्क के लिये मोबाइल टावर लगाने से लेकर इसकी लाइन बिछाने तक का पूरा काम आसान हो जाएगा। इसके लिये केंद्र सरकार की नियमावली को एडॉप्ट किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-will-become-the-first-state-in-the-country-to-make-a-policy-for-5g-network